दैनिक न्याय साक्षी
संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना- राशिफल
रायगढ़, सोमवार 11 फरवरी 2019
www.nyaysakshi.com


## संपादकीय

# दुर्घटनाग्रस्त मिराज

बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान मिराज-2000 की बेंगलुरु में हुई दुर्घटना में दो टैस्ट पायलटों की मौत से वायुसेना और विमानों के घरेलू निर्माण कार्यों को भी आघात पहुंचा है। इस दुर्घटना ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (हाल) पर भी सवाल खड़े किए हैं। हादसे के शिकार मिराज की हाल ही में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (हाल) ने सर्विस तथा अपग्रेडिंग की थी। अपग्रेडिंग के बाद पायलटों ने टैस्ट के तौर पर उड़ान भरी थी ताकि इसे वायुसेना में शामिल किया जा सके, लेकिन लैंडिंग करते ही यह हादसे का शिकार हो गया। मिग-21 के हादसे अभी भी जनसाधारण की यादों से ओझल नहीं हुए हैं। हालिया महीनों में विमान हादसों की काफी खबरें सुनने को मिलीं, जिनमें जगुआर एयर ाफ्ट, मिग-29 तथा सुखोई-30 शामिल हैं। वैसे जब से ब्रिटिश हॉक एडवांस्ड जेट ट्रेनर का आगमन हुआ है, कुल मिलाकर सालाना विमान दुर्घटनाएं अपेक्षाकृत कम हुई हैं। मिराज-2000 को पहली बार सेना में 1984 में शामिल किया गया था। कारगिल युद्ध में इसने अपनी काबिलियत के झंडे गाड़ दिए। पहाड़ी के ऊपर छिपे बैठे घुसपैठियों को पाक द्वारा की जा रही रसद व अन्य सप्लाई को इसी मिराज ने रोका। सटीक निशाने पर बम वर्षा से घुसपैठियों के हौसले पस्त हो गए।

शु वार को हुए ैश से भारतीय वायुसेना के 3 स्[ ाड्रन फ्लीट की संख्या अब 48 ही रह गयी। भारत का इस फ्लीट को अपग्रेड करने के लिए मूल निर्माता कंपनी से 2.4 बिलियन डॉलर का करार हुआ था। हाल ही में दो विमानों को फ्रांस में अपग्रेड कराया गया था। वैसे तो सारी सच्चाई छानबीन करने पर ही पता चलेगी, लेकिन 'हाल' कंपनी पर सवाल उठने लाज़िमी हैं और इस बार बात उसकी तकनीकी क्षमताओं की है। इसकी कई परियोजनाएं, जिसमें मिराज को अपग्रेड करना भी शामिल था, निर्धारित समयावधि से काफी पीछे चल रही हैं। वैसे भी इस तरह की खरीद-फरोख्त काफी राजनीतिक बवाल खड़ा करती है, इसलिए यही बेहतर होगा कि घरेलू पक्ष पुख्ता करके बाहरी देशों पर कम आश्रित रहा जाए। जब हमारी वायुसेना को ऐसे विमान उड़ाने पड़ते हैं तो यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के दावों की पोलपट्टी खोलते हैं।

# 26 साल पुराना नियम मोदी सरकार ने बदला, सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत

नई दिल्ली। बजट में नौकरीपेशा, किसानों और मजदूरों को बड़ी राहत देने के बाद मोदी सरकार ने सरकारी नौकरी वालों को भी राहत देने का ऐलान किया है। केंद्र सरकार ने 26 साल पुराने उस नियम में बदलाव कर दिया है, जिसके तहत ग्रुप ए और बी में आने वाले सरकारी कर्मचारी शेयर बाजार, डिबेंचर या म्युचल फंड में 50 हजार रुपये तक का निवेश कर सकते थे। इससे ज्यादा के निवेश पर ग्रुप ए और बी के कर्मचारियों को केंद्र सरकार को इस बारे में जानकारी देनी होती है। लेकिन अब नए नियम के तहत अब ऐसे कर्मचारी अपनी छह महीने की बेसिक पे शेयर बाजार या म्युचल फंड आदि में निवेश कर सकते हैं।



### ग्रुप सी और डी के लिए 25 हजार की लिमिट

आसान शब्दों में कहे तो नए नियम के तहत अब ग्रुप ए और बी के कर्मचारी 1 अप्रैल से 31 मार्च के बीच (वित्तीय वर्ष) अपनी छह महीने के मूल वेतन का निवेश कर सकते हैं। इसके अलावा ग्रुप सी और डी के कर्मचारियों के लिए यह सीमा 25 हजार रुपये है। यह बदलाव इसलिए किया गया है क्योंकि अलग-अलग वेतन आयोग के तहत हर स्तर के सरकारी कर्मचारी की सैलरी पहले के मुकाबले बढ़ गई है। हालांकि निवेश की सीमा बढ़ने के बावजूद भी अधिकारियों को शेयर बाजार में निवेश की गई रकम की जानकारी देनी होगी।

### सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर दी सूचना

सरकार की तरफ से जारी नोटिफिकेशन में बताया गया है कि अगर यदि कोई अधिकारी अपनी दो माह से ज्यादा की बेसिक सैलरी शेयर बाजार में इनवेस्ट करता है 4तो उसे इस बारे में संबंधित विभाग को जानकारी देनी होगी।

यह सभी जानकारी उस कर्मचारी या अधिकारी को संबंधित वित्तीय वर्ष में 31 जनवरी तक सब्मिट करनी होगी.आपको बता दें केंद्र सरकार के निचले स्तर के अधिकारी अपना मूल वेतन 18 हजार रुपए से ज्यादा करने की मांग कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो सरकार लेवल 5 तक के अधिकारियों का फिटमेंट फैक्टर 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले बढ़ा सकती है। इसका ऐलान चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले संभव है।

# सरकार के एक कदम उठाने से बढ़ जाएगी मकानों की बिक्री, आम आदमी को होगा फायदा



नई दिल्ली। रीयल एस्टेट कंपनियों के संगठन क्रेडाई ने कहा कि यदि अंडर कंस्ट्रक्शन फ्लैट पर जीएसटी की दर को घटाकर 3 और 5 प्रतिशत किया जाता है तो मकानों की बिक्री रफ्तार पकड़ेगी। माना जा रहा है कि जीएसटी परिषद द्वारा गठित मंत्रियों का समूह कर दरें कम करने की सिफारिश कर सकता है। मंत्रियों का समूह निर्माणाधीन आवासीय परियोजनाओं के मकानों पर इस कर की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने के पक्ष में है।

### किफायती आवास पर 5 फीसदी दर घटाने का फैसला

जीएसटी परिषद ने रीयल एस्टेट क्षेत्र की दिक्कतों या चुनौतियों का पता लगाने और कर दरों की समीक्षा के पिछले महीने गुजरात के डिप्टी सीएम नितिन पटेल की अध्यक्षता में मंत्रिस्तरीय समूह गठित किया गया था. समूह ने बैठक में किफायती आवास पर जीएसटी को 8 प्रतिशत से घटाकर 3 प्रतिशत करने का भी पक्ष लिया है. इस पर प्रतिक्रिया देते हुए क्रेडाई के अध्यक्ष जैकसी शाह ने कहा कि यदि जीएसटी की दरों को घटा दिया जाता है तो लोग घर खरीदना शुरू कर देंगे।

# घर की खरीदारी पर बचत करने का सुनहरा मौका



नई दिल्ली। निर्माणाधीन प्रॉपर्टी पर जीएसटी की दर 12व प्रतिशत से घटकर 5व फीसदी जल्द हो सकती है। जीएसटी परिषद द्वारा गठित मंत्रियों का समूह ने इस पर सहमति दी है। जल्द ही जीएसटी परिषद से भी हरी झंडी मिल सकती है। प्रॉपर्टी बाजार के विशेषज्ञों के मुताबिक, इससे निर्माणाधीन प्रॉपर्टी की कीमत कम हो जाएगी। यह फैसला घर खरीदने की तैयारी कर रहे लोगों के लिए बड़ा तोहफा होगा। वे कम बजट में अच्छी प्रॉपर्टी खरीद पाएंगे। इससे न सिर्फ घर खरीदारों को बल्कि निवेशकों को भी निवेश का माकूल अवसर मिलेगा क्योंकि प्रॉपर्टी की कीमत पिछले चार से पांच सालों से बढ़ी नहीं है। जीएसटी घटने से कीमतें और कम होंगी। निवेशक इसका फायदा उठाकर अपने निवेश पर अच्छा रिटर्न पा सकेंगे।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतों में गिरावट जारी, जानें आपके शहर का रेट

नई दिल्ली। पेट्रोल और डीजल की कीमत में गिरावट दर्ज की गई। राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 70.28 रुपये और डीजल 65.56 रुपये प्रति लीटर निर्धारित हुआ है। मुंबई में पेट्रोल 75.87 रुपये और डीजल 68.6 रुपये प्रति लीटर बिक रहा हैइसी प्रकार कोलकाता में पेट्रोल 72.34 रुपये और डीजल 67.29 रुपये प्रति लीटर और बेंगलुरू में पेट्रोल 72.54 और डीजल 67.67 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

# आरबीआई के फैसले के बाद एसबीआई ने करोड़ों ग्राहकों को दी राहत

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से पिछले दिनों नीतिगत ब्याज दर में कमी करने के बाद देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक एसबीआई ने 30 लाख रुपये तक के सभी होम लोन पर ब्याज दर में 0.05 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की है. एसबीआई ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि उसने होम लोन पर ब्याज




पांच आधार अंक (0.05 प्रतिशत अंक) घटा दी है.

बैंक ने कहा, 'रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति की घोषणा के तुरंत बाद हम सबसे पहले बैंक हैं जिसने 30 लाख रुपये तक के होम लोन पर ब्याज घटाया है.' बैंक ने कहा कि उसने कम और मध्यम आयवर्ग के लोगों के फायदे को ध्यान में रख कर यह निर्णय किया है. आरबीआई ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष की अंतिम द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में रेपो रेट को 0.25 प्रतिशत घटा कर 6.25 प्रतिशत कर दिया है.

# बल्लेबाज ओली पोप ने कहा, विराट की कॉपी करने में कोई परेशानी नहीं



लंदन। ओली पोप आमतौर पर किसी अन्य क्रिकेटर की शैली की नकल करने से गुरेज करते हैं, लेकिन इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज ने स्वीकार किया कि भारतीय कप्तान विराट कोहली का अनुकरण (कॉपी) करने से उन्हें कोई परेशानी नहीं है। दरअसल, ओली पोप भारतीय कप्तान विराट कोहली की बल्लेबाजी काफी प्रभावित हैं और उनकी तरह खेलना चाहते हैं। सरे के इस 20 साल के बल्लेबाज को कोहली की बल्लेबाजी तकनीक बहुत पसंद है और उन्होंने कहा कि भारतीय कप्तान को बल्लेबाजी करते हुए देखना विशेषकर नॉटिंघम टेस्ट में जिसमें भारत ने इंग्लैंड को 203 रन से मात दी थी, शानदार रहा। पोप इस समय इंग्लैंड लॉयंस के साथ भारत दौरे पर हैं, उन्होंने कहा, मैं आमतौर पर किसी अन्य खिलाड़ी की नकल करने की कोशिश नहीं करता लेकिन एक ऐसा खिलाड़ी है जिसकी नकल करने में मुझे कोई परेशानी नहीं होगी, वो कोहली हैउन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जिस तरह से उन्होंने (कोहली) बल्लेबाजी की, उनके खिलाफ खेलना और उन्हें सामने देखना शानदार था।

## आज का राशिफल

<u>मेषः</u> आज आपके तन और मन का स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खर्च की चिंता से मन अशांत रह सकता है। वाणी पर संयम रखना अतिआवश्यक है। बाहर के खान-पान से बचें। ऑफिस में साथ काम करने वालों से आपको लाभ होगा।

<u>वृषभः</u> शारीरिक व मानसिक रूप से स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज किसी भी कार्य को बेहतर रूप से संपन्न करवाने में सहायक होंगे। आपके लिए कार्य के प्रति एकाग्र होना सरल रहेगा। धन लाभ की संभावना हैं। परिजनों के साथ समय सुखपूर्वक बीतेगा।

<u>मिथुनः</u> आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। परिजनों एवं संतान से अनबन हो सकती है। क्रोध और वाणी पर संयन रखें, अन्यथा हानि हो सकती है। स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, आंखों में थोड़ी समस्या हो सकती है।

<u>कर्कः</u> आपका दिन आनंद व उल्लास में बीतेगा। व्यापार में लाभ होगा व आय के स्रोत में बढ़ोतरी हो सकती है। मित्रों से हुई मुलाकात से आनंद का अहसास होगा। विवाह के योग अच्छे हैं।

<u>सिंहः</u> आपके आत्मविश्वास से हर कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो पाएगा। व्यवसाय के क्षेत्र में आपकी प्रतिभा बढ़ सकती है। प्रमोशन की संभावना है। पिता की संपत्ति से लाभ होगा।

<u>कन्याः</u> आज आपका दिन बहुत शुभ है। धार्मिक कार्य एवं यात्रा के लिए समय अनुकूल है। मित्रों एवं संबंधियों से हुई मुलाकात, आनंददायक रहेगी। स्त्री मित्रों से लाभ होगा।

<u>तुलाः</u> ऑपरेशन कराने के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। खर्च बढ़ जाने से आर्थिक तंगी अनुभव हो सकता है। वाणी और क्रोध पर संयम रखें, अन्यथा हानि हो सकती है। नए संबंध अनिष्टकारक हो सकते हैं।

<u>वृश्चिकः</u> आज आप सामान्य दैनिक कार्यों को भुलाकर आमोद-प्रमोद में खोए रह सकते हैं। किसी मनोरंजन स्थल या पर्यटन स्थल पर जाने से मन प्रसन्न होगा। समाज में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

<u>धनुः</u> आज का दिन आपके लिए हर्षोल्लास का रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा, जिससे आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। आपका शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

<u>मकरः</u> आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। ऑफिस में अधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। संतान के साथ मतभेद होने की आशंका है।

<u>कुंभः</u> आज आपका मन बहुत संवेदनशील रहेगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन अच्छा है। आज के आयोजित हर कार्य अच्छी तरह से संपन्न होंगे।

<u>मीनः</u> आज का दिन अति उत्तम है। आपकी सृजनात्मक शक्ति यों में वृद्धि होगी। वैचारिक दृढ़ता एवं मानसिक स्थिरता के कारण कार्यसफलता में सरलता होगी। जीवन साथी का पूर्ण सहयोग मिलेगा।

# यह मंदिर में मां कौशल्या की गोद में विराजमान हैं श्री राम, पेड़ पर श्रीफल बांधने से होती है हर मुराद पूरी





हिंदू धर्म में श्री राम को भगवान मानकर उनकी पूजा की जाती है, पूरे भारत में भगवान राम के अनेक मंदिर हैं लेकिन श्रीराम की मां कौशल्या का एक ही मंदिर है और ये मंदिर छत्तीसगढ़ के चंद्रखुरी में स्थित है। सात तालाबों से? घिरे जलसेन तालाब के बीच में एक द्वीप है और इसी द्वीप पर मां कौशल्या का मंदिर है और श्री राम यहां पर माता कौशल्या की गोद में बैठे हुए हैं। इसके अलावा इस मंदिर में भगवान शिव और नंदी की विशाल प्रतिमाएं हैं, मंदिर के द्वार पर हनुमानजी की प्रतिमा लगी हुई है। पौराणिक कथाओं के अनुसार यहां पर एक पेड़ के नीचे सुषेण वैध की समाधि है आपको बता दें कि रामायण के अनुसार सुषेण लंका के राजा रावण का राजवैद्य था। जब रावण के पुत्र मेघनाद के साथ हुए युद्ध में लक्ष्मण मूर्छित हो गए, तब सुषेण ने ही संजीवनी बूटी मंगाकर लक्ष्मण के प्राण बचाए थे।

जब रावण को मारकर श्री राम वापस अयोध्या आए तो सुषेण वैध भी उनके साथ आ गए और यहीं पर उन्होंने अपने प्राणों का त्याग किया इसीलिए उनकी समाधि यहां बनाई गई। यहां पर सीताफल का एक खास पेड़ है जिसे मन्नत का पेड़ कहा जाता है। जो लोग अपनी कोई भी मन्नत लेकर यहां आते हैं वे पर्ची में नाम लिखकर उसे श्रीफल के साथ इस पेड़ पर बांध देते हैं। लोगों के मतानुसार जो भी यहां आकर कुछ मांगता है उसकी मन्नत पूरी होती है।

# इंग्लैंड के खिलाफ महिला क्रिकेट टीम का ऐलान

नई दिल्ली। भारत ने मुंबई में 22 फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली आगामी 3 मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए शनिवार को कप्तान मिताली राज की अगुवाई वाली उस 15 सदस्यीय टीम को बरकरार रखा जो न्यूजीलैंड श्रृंखला में खेली थी।



बीसीसीआई ने बयान में कहा कि अखिल भारतीय महिला चयन समिति ने इंग्लैंड की महिला टीम के खिलाफ 3 मैचों की पेटीएम वनडे श्रृंखला के लिए भारतीय टीम चुनी है। इसके अनुसार कि 3 वनडे मौजूदा आईसीसी महिला चैंपियनशिप का हिस्सा हैं और ये मुंबई के वानखेडे स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत ने हाल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे श्रृंखला 2-1 से जीती थी।

भारतीय बोर्ड ने अध्यक्ष एकादश टीम की भी घोषणा की जो श्रृंखला शुरू होने से पहले 18 फरवरी को अभ्यास मैच खेलेगी। वनडे श्रृंखला के लिए भारतीय महिला टीम इस प्रकार है-

मिताली राज (कप्तान), झूलन गोस्वामी, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिगेज, हरमनप्रीत कौर, दीप्ति शर्मा, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), आर कल्पना (विकेटकीपर), मोना मेशराम, एकता बिष्ट, राजेश्वरी गायकवाड़, पूनम यादव, शिखा पांडे, मानसी जोशी और पूनम राउत।

# सानिया की निगाहें वापसी पर, बोलीं- 'टेनिस मेरी जिंदगी, इसने मुझे सब कुछ दिया है'

नई दिल्ली। भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा बेटे के जन्म के बाद अब साल के अंत तक खेल में वापसी करने की योजना बना रही हैं। 32 साल की खिलाड़ी ने अंतिम टूर्नामेंट अक्तूबर 2017 में चाइना ओपन खेला था, जिसमें उन्हें घुटने में चोट लग गई थी और वह पिछले साल के शुरू में टूर्नामेंट में नहीं खेली थीं। पिछले साल अक्तूबर में



सानिया ने बेटे को जन्म दिया था और इस शीर्ष भारतीय खिलाड़ी ने कहा कि अब वह खेल में वापसी करना चाहती हैं और वह जल्द ही अपनी ट्रेनिंग शुरू कर देंगी। 'द हिंदू' द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के मौके पर उन्होंने कहा, 'वापसी की संभावना साल के अंत तक है। अगले दस दिन में मेरा ट्रेनर आ रहा है। अब मैंने वजन कम कर लिया है, अब टेनिस के लिये विशेष ट्रेनिंग करूंगी।' सानिया ने कहा, 'मैं अभी 32 साल की हूं और टेनिस खिलाड़ी के तौर पर मैं इतनी युवा नहीं हूं। लेकिन अगर मैं कोशिश नहीं करूंगी तो मुझे पछतावा होगा। टेनिस मेरी जिंदगी है, इसने मुझे सबकुछ दिया है। अब भी मुझमें कुछ टेनिस बचा है।' उन्होंने कहा कि वह जर्मनी की 22 ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाली महान खिलाड़ी स्टेफी ग्राफ से प्रेरणा लेती हैं जिन्होंने काफी कुछ शादी और बच्चे के जन्म के बाद ही हासिल किया।

# अगर आप भी कर रही हैं डाइटिंग, तो लंच में बनाएं ब्राउन राइस खिचड़ी



<u>सामग्री :</u>

ब्राउन राइस- ड्ड कप, मिश्रित मूंग दाल (हरीऔर पीली मूंग दाल), हरी मिर्च कटी हुई- 2, बारीक कटा अदरक- 1, बारीक कटे टमाटर- 2, एक चुटकी हींग, एक छोटा चम्मच जीरा, हल्दी- ड्ड चम्मच, नमक स्वादानुसार, नींबू रस, 1 चम्मच घी

<u>विधि :</u>

सबसे पहले ब्राउन राइस और दाल को धोकर 1 घंटे के लिए पानी में फूलने के लिए रख दें।

एक घंटे बाद पानी से छानकर अलग रख लेंगे।

प्रेशर कुकर गर्म करेंगे और इसमें घी, जीरा और हींग डालेंगे।

जब जीरा भुन जाए तो इसमें कटा हुआ प्याज डालकर भुनें।

अब अदरक, लहसुन, मिर्च डालकर थोड़ा भुनेंगे।

टमाटर, हल्दी, नमक, नींबू रस डालकर अच्छे से मिलाएं और 1 मिनट के लिए पकाएं। अब इसमें भिगोए हुए ब्राउन राइस, दाल और पानी डालकर मिला लें।

प्रेशर कुकर का ढक्क न बंद कर तीन सीटियां लगाएं।

अब गैस बंद कर कुकर का पूरा स्टीम निकलने दें।

अचार, चटनी और पापड़ के साथ खाएं।


## शब्द सामर्थ्य-74

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 73 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | | म | री | ज | | | |
| ग | ह | न | ता | | ब | र | ब | स |
| | की | | धि | क्का | र | | र | मा |
| | का | | का | | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | | स्त | र | | |
| ह | | | | | | दा | मि | नी |
| ना | | ए | ह | ति | या | त | | लां |
| वा | च | क | | हा | | | खू | ब |
| | | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | | र |

## सू-दोकू-74

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.73 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |